# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com


संख्याः 943 /2025–26 देहरादूनः दिनांक 25 जुलाई, 2025

## संवाद

**विषयः– अभ्यर्थियों की परीक्षाओं व अन्य प्रकरणों से संबंधित पृच्छाओं के निराकरण हेतु मिलने का समय निर्धारित किये जाने के संबंध में।**

विदित है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय में भर्ती परीक्षाओं एवं अन्य प्रकरणों के संबंध में अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मा0 अध्यक्ष व सचिव से अपनी पृच्छाओं के निराकरण हेतु मिलने की अपेक्षा रखते हैं।

आयोग के दैनिक व तात्कालीक अतिमहत्वपूर्ण कार्य प्रभावित न होने तथा अभ्यर्थियों का समय अनावश्यक व्यर्थ न हो इस क्रम में अभ्यर्थियों की सुविधा एवं आयोग के कार्यो की नियमितता बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि अभ्यर्थियों की पृच्छाओं के यथासमय समाधान हेतु आयोग के मा0 अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य अधिकृत अधिकारियों से मिलने हेतु निम्नवत् समय निर्धारित किया जा रहा है।

### मिलने हेतु निर्धारित समय व दिवस का विवरण

**दिवस– सोमवार से शुक्रवार**

**समय– अपरान्ह् 02:00 बजे से 03:00 बजे तक**

अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा है वे उपर्युक्त समयानुसार अपने प्रकरणों के समाधान हेतु अपना अनुरोध पत्र एवं समुचित अभिलेख के साथ आयोग कार्यालय में उपस्थित हो सकते है, जिससे उनके प्रकरणों का नियमानुसार एवं समयबद्ध विचार संभव हो सके।

-Sd-

(डा0 शिव कुमार बरनवाल)

सचिव।

Scanned with OKEN Scanner